कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, रायपुर

Email Id – exciseraipur@gmail.com, Phone no.-0771-4287900

वर्ष 2019 की फसल की साफ की गई भांग की थोक आपूर्ति हेतु निविदा (टेण्डर) सूचना

क्रमांक / आब. / ठेका / 2019 / 2014 रायपुर, दिनांक 09/09/19

—::0::—

वर्ष 2019 की फसल की साफ की गई 12,000 (बारह हजार) किलो ग्राम भांग की वर्ष 2019–20 में थोक आपूर्ति हेतु, सीलबंद निविदा (टेण्डर) आमंत्रित किये जाने हेतु यह निविदा (टेण्डर) सूचना प्रकाशित कराई जा रही है। भांग की उक्त उल्लेखित मात्रा में आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है। आवश्यकता की स्थिति में सफल निविदादाता (टेण्डरदाता) के लिये उपरोक्त घोषित मात्रा से 25 प्रतिशत तक अधिक अर्थात् 3,000 (तीन हजार) किलोग्राम भांग की अतिरिक्त आपूर्ति भी निविदा (टेण्डर) में अंकित एवं इस कार्यालय द्वारा अनुमोदित की गई प्रदाय दर पर ही किया जाना बाध्यकारी होगा।

भांग की थोक आपूर्ति संबंधी निविदा (टेण्डर) प्रपत्र, निविदा (टेण्डर) की विस्तृत शर्तें, निर्बन्धन, भांग के नमूने को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया व उसके परिवहन हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र किसी भी कार्य दिवस को कार्यालयीन समय में दिनांक 09.10.2019 दिन बुधवार को 1:00 बजे तक निविदादाता (टेण्डरदाता) अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, रायपुर के ऑनलाईन पोर्टल (https://excise.cg.nic.in/epayment) से **"मुख्य शीर्ष 0039–राज्य उत्पाद शुल्क, लघु शीर्ष 800–अन्य प्राप्तियां"** में ई–चालान द्वारा रूपये 1000/– जमा कराकर, चालान की एक प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत करने पर, प्राप्त किए जा सकते है।

उपरोक्तानुसार भांग की थोक आपूर्ति के इच्छुक व्यक्ति / निविदादाता (टेण्डरदाता) अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि, अपनी सीलबंद निविदा (टेण्डर) प्रदाय की जाने वाली भांग के नमूने सहित, दिनांक 09.10.2019 दिन बुधवार को समय 3:00 तक, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, आबकारी भवन, लभाण्डी, रायपुर में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदा (टेण्डर) उसी दिन दिनांक 09.10.2019 दिन बुधवार को ही, समय 4:00 बजे खोले जायेंगे। निविदादाताओं (टेण्डरदाताओं) अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति, अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के लिये निविदा (टेण्डर) खोले जाने में बाधक नहीं होगी।

(निरंजन दास)
आबकारी आयुक्त
छत्तीसगढ़, रायपुर